**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 16.09.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दुर्ग–विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**
- **देशभर में कल से शुरू होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।**
- **ईद–मिलाद–उन–नबी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।**
- **मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कोरिया, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।**

## प्रधानमंत्री–वंदे भारत ट्रेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर के सेक्टर–एक मेट्रो स्टेशन से अहमदाबाद मेट्रो के दूसरे चरण को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही श्री मोदी ने प्रधानमंत्री अहमदाबाद और भुज के बीच देश की पहली वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने पीएम आवास ग्रामीण योजना के अंतर्गत तीस हजार से अधिक घरों को स्वीकृति प्रदान कर इसके लिए पहली किस्त भी जारी की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ के दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली दुर्ग–विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन गुरूवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन दोनों ओर से चलाई जाएगी। इस ट्रेन का परिचालन बीस सितंबर से नियमित रूप से किया जाएगा। इस ट्रेन में सोलह कोच शामिल हैं। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

देशभर में कल से स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू होगा। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक भवनों सहित विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से श्रमदान कर साफ–सफाई की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न गतिविधियों का संचालन भी किया जाएगा। इनमें आम लोगों की भी भागीदारी होगी। इस वर्ष का विषय – **''स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता''** रखा गया है। इधर, छत्तीसगढ़ में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कल अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर के तेलीबांधा में आयोजित ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। कार्यक्रम में स्वच्छता के लिए सामूहिक श्रम दान के साथ ही स्वच्छता मैराथन का शुभारंभ होगा और सफाई मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा। राज्य के अन्य जिलों में भी स्वच्छता मैराथन और श्रमदान जैसे कार्यक्रम होंगे। उधर, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज कांकेर में 'सरपंच संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मुख्यमंत्री–इन्वेस्टर्स मीट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुजरात के गांधीनगर में आयोजित ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एन्ड एक्सपो में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि आने वाले वर्ष दो हजार तीस तक देश में पांच सौ मेगावाट रिन्यूअल एनर्जी का उत्पादन हो और इस क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का भी काफी योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सोलर, हाईड्रल और बायोगैस के क्षेत्र में अच्छा काम हो रहा है। श्री साय ने बताया कि अभी छत्तीसगढ़ की कुल खपत पांच हजार पांच सौ मेगावाट है, जिसमें से करीब पन्द्रह प्रतिशत रिन्यूअल एनर्जी पर आधारित है, जिसे पैंतालीस प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है।

## विश्वकर्मा जयंती–श्रमिक सम्मेलन

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कल सत्रह सितंबर को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संतावन हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवार को उनचास करोड़ तैंतालीस लाख रुपए से अधिक की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से

वितरित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत श्रमिकों और उनके परिजनों के लिए संचालित तीस जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

**केन्द्रीय मंत्री–चक्रधर समारोह**

रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित चक्रधर समारोह में कल केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगीत के क्षेत्र में रायगढ़ की अलग पहचान है। रायगढ़ का नाम देशभर में फैले इसके लिए हम सभी को शास्त्रीय संगीत को जीवित बनाये रखना है। उन्होंने वर्तमान में बन रही फिल्मों और गीत संगीत की परवाह न करते हुए शास्त्रीय संगीत को जीवित रखने की दिशा में इस तरह के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। गौरतलब है कि सात सितंबर से शुरू हुए इस समारोह का आज शाम समापन होगा। समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका शामिल होंगे। वहीं, समापन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कवि डॉक्टर कुमार विश्वास, डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे, दिनेश बावरा, सुदीप भोला और साक्षी तिवारी कविता पाठ करेंगे। इसी तरह, गुवाहाटी की मानसी दत्ता और साथी बीहू लोकनृत्य तथा बिलासपुर के अनिल कुमार गढ़ेवाल और साथी गेड़ी लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे।

**केन्द्रीय मंत्री–जगदलपुर**

केन्द्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी आज एकदिवसीय प्रवास पर जगदलपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगरनार इस्पात संयंत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, एनएमडीसी के प्रबंध निदेशक अमितो मुखर्जी सहित जनप्रतिनिधि और एनएमडीसी के अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले, जगदलपुर आगमन पर मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया।

**स्वास्थ्य मंत्री–समीक्षा**

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को एक महीने के भीतर अपने जिले में संचालित सभी निजी पैथोलॉजी सेंटर की सूची तैयार करने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने आज रायपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अनियमित पैथोलॉजी लैब को एक वर्ष के भीतर नियमित करने की प्रक्रिया पूरी कराने को कहा। श्री जायसवाल ने कहा कि जिन पैथोलॉजी लैब के पास वैध दस्तावेज नहीं हैं उन्हें आयुष विश्वविद्यालय से डिप्लोमा का कोर्स करने का मौका दिया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निजी प्रेक्टिस करने की शिकायतों को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि चिकित्सक नियम विरुद्ध कार्य करेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि अब शासकीय अस्पतालों से मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर करने पर इसका कारण बताना होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी अधिकारियों को तीन माह के भीतर राज्य में पांच सौ जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी पूरी करने को कहा है।

**बस्तर दशहरा–डेरी गड़ाई रस्म**

पचहत्तर दिनों चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के तहत जगदलपुर के सिरहासार भवन में आज डेरी गड़ाई पूजा की रस्म विधि–विधान के साथ संपन्न हुई। इस मौके पर बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष और सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बस्तर दशहरा समिति के सदस्य उपस्थित थे। डेरी गड़ाई विधान के बाद अब बस्तर दशहरा के लिए दो मंजिला रथ बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

**ईद–मिलाद–उन–नबी**

इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्मदिवस ईद–मिलाद–उन–नबी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ईद–मिलाद–उन–नबी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर रायपुर में मुस्लिम समाज ने जुलूसे मोहम्मदी निकाला। सर्व आस्था मंच ने जयस्तंभ चौक पर मंच बनाकर जुलूस की अगवानी की। इसके साथ ही प्रदेश के अनेक स्थानों पर जुलूस निकाला गया।

**आईईडी–बरामद**

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग स्थानों से तीन आईईडी बरामद किए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचान के इरादे से सलातोंग के पास दो आईईडी

और पेंटापाड़ के पास एक आईईडी लगा रखे थे, जिन्हें सुरक्षा बलों ने बरामद किया। बाद में तीनों आईईडी को जवानों ने सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

**नकली पुलिस–गिरफ्तार**

कोरबा पुलिस ने नकली पुलिस बनकर बायपास मार्ग पर लूटपाट करने करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एसईसीएल के चार अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बीते चौदह सितम्बर को कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह बायपास मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा खुद को थाना प्रभारी और पुलिस बताकर वाहनों को रोककर वसूली किए जाने की सूचना मिली। इस पर कटघोरा पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में झारखंड निवासी ट्रक चालक की लिखित शिकायत पर कार्रवाई की गई।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कोरिया, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। इन जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी वर्षा से कन्हर, गागर, गेऊर और सेंदूर नदियों में जलस्तर बढ़ सकता है। इसके अलावा, सरगुजा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, जशपुर, कोरबा और रायगढ़ जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से ट्रेन एंबुलेंस जैसी सुविधा के लिए टिकट बेचने वाले ठगों से सावधान रहने की अपील की है।

– बस्तर ज़िले के नये कलेक्टर हरीस एस. ने आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

– गौ तस्करी के मामले में पाटन थाना में पदस्थ आरक्षक को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरक्षक को छापामार कार्रवाई की बात लीक किए जाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

– गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ग्राम अड़भार में ऑटो और मोटर साइकिल के बीच हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>